पंजाब केसरी 12/09/2025

# विद्यार्थियों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का दौरा

अम्बाला, 11 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के इतिहास विभाग तथा एस.डी.जी. क्लब द्वारा अपैक्स एस.डी.जी. चैम्पियन, 2025 के तत्वावधान में अम्बाला छावनी के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों, प्राकृतिक स्थलों एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया गया। इस साप्ताहिक दौरे के दौरान इतिहास विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा अम्बाला छावनी के होली रैडीमेड चर्च, सैंट पॉल चर्च, सरदार पटेल पार्क, मां अम्बा देवी मंदिर, पंजोखरा साहिब गुरुद्वारा आदि विभिन्न स्थलों का दौरा किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने इन सभी स्थलों के ऐतिहासिक महत्व को जाना तथा इन ऐतिहासिक स्थलों के इतिहास के बारे में विस्तार से जाना। इतिहास के विद्यार्थियों के द्वारा अम्बाला क्रिश्चियन सिमेट्री के बारे में जाना गया। विद्यार्थियों ने जाना कि यह कब्रिस्तान 1844 के आसपास ब्रिटिश के द्वारा बनवाया गया था। यह कब्रिस्तान 20 से 22 एकड़ में फैला हुआ है और यहां पर लगभग 20000 कब्रें हैं। यह कब्रें 1857 की क्रांति से लेकर फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के सोल्जर, ऑफिसर्स और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की कब्रगाह यही पर है।




*अम्बाला छावनी के ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)

इस कब्रिस्तान में यूरोपियन कला के बारे में विद्यार्थियों ने विस्तार से जाना। इसके अलावा विद्यार्थी अपने प्रवक्ता डा. धर्मवीर सैनी के साथ सरदार पटेल पार्क में गए और वहां पर सरदार पटेल पार्क के बारे में विस्तार से जाना। विद्यार्थियों के द्वारा मां अम्बा देवी मंदिर का भी दौरा किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इतिहास विभाग को इस कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के ऐतिहासिक भ्रमण से विद्यार्थियों के अंदर इतिहास के प्रति समझ पैदा होती है तथा विद्यार्थी प्रैक्टिकल रूप से इतिहास के बारे में अच्छे से जान सकते हैं। उसको अपने जीवन में प्रैक्टिकल रूप से उतार सकते हैं। इस कार्यक्रम में इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया।